# स्टार्टअप को बढ़ावा देने हेतु नीतिगत सुधार

## चर्चा में क्यों?

हाल ही में कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय (Ministry of Corporate Affairs) ने भारत के स्टार्टअप वातावरण को बढ़ावा देने हेतु कुछ नीतिगत सुधारों को मंज़ूरी दी है।

## प्रमुख बिंदु:

- इस कदम से स्टार्टअप को फंड जुटाने में मदद मिलेगी, जबकि कंपनी पर **प्रमोटरों (Promoters)** का नियंत्रण भी बरकरार रहेगा।

## कौन होता है प्रमोटर या प्रवर्तक?

- प्रमोटर का तात्पर्य ऐसे व्यक्ति या व्यक्तियों के समूह से है जो कंपनी के प्रवर्तन का कार्य करता है। सामान्यतः व्यापार/कंपनी शुरू करने वाले व्यक्ति को ही प्रमोटर कहते हैं।

- इससे पूर्व यह नियम था कि यदि किसी स्टार्टअप को **डिफरेंशियल वोटिंग राइट्स (Differential Voting Rights-DVR)** वाले शेयर जारी करने हों तो उसे कम-से-कम तीन साल तक वितरण योग्य लाभ कमाना ज़रूरी होता था, परंतु अब इस नियम को समाप्त कर दिया गया है।
- इसके अलावा भारतीय कंपनियों को अब डिफरेंशियल वोटिंग राइट्स वाले अधिक शेयर जारी करने की भी अनुमति दी गई है।
    - इस नियम के लागू होने से पूर्व एक कंपनी केवल 26 प्रतिशत **DVR** ही जारी कर सकती थी, परंतु अब इसे परिवर्तित कर 74 प्रतिशत कर दिया गया है।

## डिफरेंशियल वोटिंग राइट्स

## (Differential Voting Rights-DVR):

- किसी भी स्टार्टअप के संस्थापक या प्रमोटर कंपनी पर तब अपना नियंत्रण खो देते हैं जब वे अधिक-से-अधिक फंड जुटाने के चक्कर में ज़्यादा-से-ज़्यादा **समता अंश** (Equity Shares) जारी कर देते हैं। संस्थापकों की इस समस्या को **DVR** के माध्यम से आसानी से हल किया जा सकता है।
- **DVR** शेयर एक सामान्य **समता अंश** की तरह ही होते हैं, लेकिन इनकी स्थिति में **एक-शेयर, एक-वोट** के सामान्य नियम का पालन नहीं किया जाता है।
- यह कई नए निवेशकों के आने के बाद भी प्रमोटरों को कंपनी पर नियंत्रण बनाए रखने में मदद करता है।

## मंत्रालय के इस कदम का महत्त्व:

- इससे पूर्व अधिक-से-अधिक फंड की चाह में स्टार्टअप के संस्थापक या प्रमोटर विदेशी निवेशकों को कंपनी के समता अंश जारी करते थे जिसके कारण वे कंपनी पर अपना अधिकार खो देते थे।
    - परंतु इस परिवर्तन के पश्चात् सभी संस्थापक कंपनी पर अपना नियंत्रण बनाए रखने में सक्षम होंगे।
- उपरोक्त दो बदलावों से **स्टार्टअप इकोसिस्टम** (Startup Ecosystem) को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।
- इससे उन भारतीय कंपनियों को भी मज़बूती मिलेगी जिनका अतिक्रमण बड़े निवेशकों द्वारा उनके बाज़ार का फायदा उठाने के उद्देश्य से कर लिया गया है।
    - उदाहरण के लिये वर्ष 2018 में वालमार्ट द्वारा फ्लिपकार्ट का अधिग्रहण।

**स्रोत: द हदिू (बज़िनेस लाइन)**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/policy-reforms-to-promote-startups